## मूंग-उड़द की खरीदी को लेकर आंदोलन की तैयारी

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** प्रदेश में किसानों के सबसे बड़े किसान संगठन भारतीय किसान संघ ने मूंग उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी न किये जाने पर मध्यप्रदेश की मोहन सरकार के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। गुरूवार को एक साथ भोपाल, जबलपुर व इंदौर में एक साथ पत्रकारवार्ता कर सरकार पर किसानों के साथ धोखा व अन्याय करने का आरोप लगाया।

जबलपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुये भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि किसान संघ के नेतृत्व में किसानों ने प्रदेश के सैकड़ों तहसील मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन व ज्ञापन देकर सरकार से मूंग उड़द की खरीदी करने की मांग की।




### किसान संघ की सरकार को दो टूक, केंद्र सरकार के समक्ष भेजें प्रस्ताव, नहीं तो मुख्यमंत्री निवास का होगा घेराव, शनिवार तक का दिया अल्टीमेटम

प्रदेश प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से मिलकर किसानों के पक्ष को रखा। लेकिन मूंग उड़द उत्पादक किसानों के प्रति प्रदेश के मुखिया ने असंवेदनशील रवैया जाहिर कर मूंग उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी करने से साफ मना कर दिया। श्री पटैल ने आरोप लगाया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने व्यापारियों से सांठगांठ कर किसानों से मंडियों में खुली लूट करने का न्योता दे दिया है। किसान संघ इस लूट का कड़ा प्रतिकार करेगा।

पत्रकारवार्ता में प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटैल ने बताया कि किसान संघ के अखिल भारतीय पदाधिकारियों को किसान की मूंग उड़द की समस्या से अवगत कराया तो देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से बात की गई तो कृषि मंत्री ने किसान संघ को आश्वासन दिया कि यदि मध्यप्रदेश सरकार समर्थन मूल्य पर मूंग उड़द खरीदी करने का प्रस्ताव केंद्र को भेजे जो वह तत्काल स्वीकृति देने के लिये तैयार है।

किसान संघ ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि राज्य सरकार किसान हित में संवेदनशीलता का परिचय देते हुये तत्काल मूंग उड़द की एमएसपी खरीदी करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे। यदि राज्य सरकार प्रस्ताव भेजने में टालमटोल करती है। भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में प्रदेश के लाखों किसान सीएम हाउस का घेराव करने मजबूर होगें। जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

**उत्तरप्रदेश में हो रही मूंग की खरीदी तो मध्यप्रदेश में क्यों नहीं** - पत्रकारवार्ता में प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटैल ने कहा कि उत्तरप्रदेश सरकार के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार के कृषि मंत्रालय ने समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी करने का आदेश जारी कर 140 खरीदी केंद्र निर्धारित कर दिये हैं और शनिवार से उन केंद्रो पर मूंग खरीदी प्रारंभ भी हो जायेगी। मध्यप्रदेश सरकार क्यों प्रस्ताव नहीं भेज रही है इसका जबाब सरकार को देना चाहिये।

किसान संघ की इंडियन काफी हाउस में आयोजित पत्रकारवार्ता में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष ओम नारायण पचौरी, प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटैल, प्रांत संगठन मंत्री भरत पटैल, जिलाध्यक्ष रामदास पटैल, महानगर अध्यक्ष राजकुमार पटेल, कार्यालय मंत्री आलोक पटैल, महानगर प्रचार प्रमुख मनोज मिश्रा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## नगर पालिका ने हटाया अतिक्रमण

**करेली, देशबन्धु।** नगर के सिद्द स्थल हर्रई रोड पर स्थित नव निर्मित सिविल अस्पताल के शुरू होते ही वहां पर अस्थायी अतिक्रमण शुरू हो गया था जो जल्द ही स्थाई में तब्दील हो जाता नगर पालिका परिषद ने सजगता दिखाते हुए चंद रोज पहले किये गये इस अतिक्रमण को हटवाया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर के नेतृत्व में टीम नगर पालिका ने मुस्तैदी दिखाते हुए हर्रई माता रोड अस्पताल के सामने, मालपानी नगर रोड, स्टेट बैंक के सामने अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सराहनीय है।

जब अतिक्रमण की शुरूआत होती है उसी समय बिना अगर-मगर के नगर पालिका परिषद यदि इसी तरह की मुस्तैदी दिखाती रहेगी तो नया अतिक्रमण नहीं हो पाएगा।




जनापेक्षा की जा रही है कि करेली नगर में अतिक्रमण की रोकथाम के लिये नगर पालिका अतिक्रमण रोधी दस्ता बनाये जिसकी ये जबाबदेही रहे की शहर में अतिक्रमण ना हो पाए। नगर पालिका से शहर के बाशिंदे अपेक्षा कर रहे है कि ओवरब्रिज के नीचे कुकर मुत्ते की तरह फैल रहे अतिक्रमण को भी हटाने की कार्यवाही करें।

## सार-समाचार

### मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान योजना की आर्थिक सहायता से होगा नौ मरीजों का उपचार

**सौसर, देशबन्धु।** भाजपा सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान योजना से पांढुर्णा जिले के नौ जरूरमंदों का उपचार संभव हो सकेगा। पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आठ लोगों को 3 लाख 70 हजार रूपयें की सहायता उपलब्ध कराई है। जिसमें सुभाष गजभिए सौसर 40 हजार, रेखा उईके खैरितायगाव 40 हजार, अमन चिमोटे सौसर 25 हजार, गोकूल ऊकार पांढुर्णा 65 हजार, गणपति गांवडे ढोकदोह 30 हजार, रूपेश रंगारे वार्ड 10 सौसर 30 हजार, महेश बोबडे सौसर 40 हजार, पीयूष ठाकरे रंगारी 50 हजार, पंकज सिंह पांढुर्णा 50 हजार का समावेष है। आर्थिक सहायता मिलने से गंभीर बिमारी से पीडित मरीजो का निजी अस्पताल में इलाज होगा। आर्थिक सहायता मिलने पर परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, सांसद विवेक बंटी साहू, पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड एवं जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड का आभार व्यक्त किया है।

### पेयजल व्यवस्था लड़खड़ाई

**नैनपुर, देशबन्धु।** नैनपुर में पेयजल व्यवस्था लड़खड़ाई गयी हैं। नगर में एक टाइम ही पानी की सप्लाई की जा रही है । वाटर सप्लाई की बड़ी मोटर खराब हो जाने के कारण व्यवस्था को लेकर ठीक किए जाने के प्रयास किया जा रहे हैं। एक बड़ी मोटर से सप्लाई की जा रही है फिल्टर मैं दो बोर के माध्यम से सप्लाई किए जाने के प्रयास कर रहे हैं पावर फिल्टर प्लांट से कुछ वार्डों में सप्लाई की जा रही है । पेयजल व्यवस्था में लगे सभी अधिकारी एवं पेयजल के प्रभारी सक्रिय नगर पालिका के पेयजल प्रभारी पार्षद राजाराम शर्मा ने बताया कि पेयजल की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं वहीं प्रशासनिक स्तर पर गोपी नंदा लगे हुए हैं।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान दो चरणों में संतृप्ति शिविर होंगे आयोजित

**सिवनी, देशबन्धु ।** जनजातीय समुदाय के उत्थान और कल्याण को लेकर भारत सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत जिले में दो चरणों में (प्रथम चरण 16 से 28 जून, द्वितीय चरण दिनांक 29 जून से 04 जुलाई) जिले में विशेष जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर आयोजित किए जाएंगे। जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार और मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर इन शिविरों का आयोजन ग्राम / कलस्टर स्तर पर किया जाएगा, जिसमें विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने का लक्ष्य है। शिविरों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति व निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन बैंक खाता, बीमा योजनाएं सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा, पीएम मातृ वंदना योजना, आंगनवाडी सेवाएं और टीकाकरण जैसे अनेक योजनाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक विकासखंड में चयनित जनजातीय ग्रामों के क्लस्टर के साथ-साथ 6 से 7 आस-पास के ग्रामों को मिलाकर दिनवार कार्ययोजना तैयार की गई है।

## जिलास्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 18 को

**सिवनी, देशबन्धु।** जिला रोजगार अधिकारी सिवनी द्वारा बताया कि शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी एवं शासकीय आईटीआई सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं एवं युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार में संलग्न किये जाने के उद्देश्य से शासकीय आई.टी.आई. पलारी तिराहा केवलारी में दिनांक 18 जून 2025 को प्रातः 11 बजे से 03 बजे तक युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे।

आयोजित मेले में नियोजकों द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एक्सिकेटिव, कॉल सेन्टर, ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।

## वन माफिया काट रहे हरे-भरे पेड़

**रामाकोना, देशबन्धु।** वन विभाग की लापरवाही के चलते क्षेत्र में धड़ल्ले से हरे पेड़ों की कटाई की जा रही है। इसके बाद भी विभाग वन माफियाओं पर शिकंजा नहीं कस पा रहा है। इसके अलावा प्रशासन भी इस तरफ अनदेखी कर रहा है।

हर वर्ष शासन प्रशासन द्वारा हरियाली महोत्सव को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण अभियान चलाता है। इस पर शासन द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं जबकि उसकी सुरक्षा को लेकर संबंधित विभाग ही लापरवाही



बरतते हैं। इस समय सौसर, बिछुआ तहसील क्षेत्र समेत ग्राम रामाकोना में फलदार पेड़ों के अलावा बड़ी मात्रा मे सागौन की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। इससे पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है।

पेड़ काटने वालों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होने के कारण इस पर प्रतिबंध नहीं लग पा रहा है। वन माफियाओं पर रोकथाम नहीं होने के कारण जहां कभी घना जंगल हुआ करता था, वहां पर अब ठूंठ ही नजर आते हैं। इस समय सागौन के अलावा आम, इमली, बबूल, जामुन, बरगद, नीम प्रजाति के पेड़ों की कटाई धड़ल्ले से जारी है। इन पेड़ों की हो रही कटाई से वन क्षेत्रों को तो नुकसान हो रहा है।

ग्राम रामाकोना मे चर्चा का विषय ये भी बना हुआ है की ग्राम रामाकोना के कुछ तथाकथित युवाओ द्वारा पेशेवर सागोन तस्कर से हाथ मिलाकर इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा है इसमें कुछ अपने आप को व्हाइट कॉलर बोलने वाले भी शामिल है। सप्ताह भर पेड़ो की कटाई की जाती है और फिर सप्ताह मे एक बार गाड़ी लोड करके सामने भेजी जाती है चर्चा तो ये भी है की इसमें कुछ वन विभाग के कर्मचारी भी शामिल है सूत्रों के हवाले जानकारी के अनुसार बताया गया है। इन दिनों सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगारी तो है लेकिन वर्तमान परिस्थितियों की बात की जाए तो आज के युवा शार्टकट तरीके से पैसा कमाने के साथ साथ जल्दी ही मालामाल होने के सपने देखते है।

जिसके लिए युवा कुछ भी करने के लिए तैयार हो जाते है. ऐसे युवाओ का दोहरा चरित्र होता है समाज के सामने दिन के उजाले मे सबसे बड़े समाज सेवक, भक्त दिखाई देते जिससे इनकी जान पहचान पुलिस एवं अधिकारीयों एवं नेताओ मे हो सके और जैसे ही रात का अंधेरा होता है तब इनका दोहरा चरित्र शुरू हो जाता है।

**इनका कहना है** -आज के वर्तमान समय मे पेड़ो की सुरक्षा अत्यंत आवश्यकता है लेकिन आये दिन वन माफियाओ द्वारा पेड़ो की कटाई की जाती है वन विभाग द्वारा कार्यवाही करनी चाहिए ।

**गुलाबराव पांडे,**
जनपद सदस्य, रामाकोना

## गिफ्ट ए डेस्क अभियान के तहत 37 स्कूलों को मिलीं डेस्क-बेंच

**सिवनी, देशबन्धु।** शासकीय विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों की सुविधा के लिए जिले के प्रत्येक विद्यालय में डेस्क उपलब्ध कराने की गिफ्ट ए डेस्क मुहिम में बड़ी संख्या में दानदाता सहभागिता कर रहे हैं।

जिला प्रशासन की इस पहल पर विधायक सिवनी दिनेश राय ने भी अपनी सहभागिता करते हुए सिवनी विकासखंड के 37 विद्यालयों में कुल 495 डेस्क उपलब्ध कराई गई है। विधायक द्वारा गुरूवार को मिशन स्कूल ग्राउंड से वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर प्रभारी सीईओ जनपद एवं डिप्टी कलेक्टर रेखा देशमुख सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा शासकीय बालक प्राथमिक शाला सुकतरा में 17 डेस्क प्रदान की गई। दानदाता अमित लोनावत द्वारा माध्यमिक शाला सुकवाह में पांच डेस्क एवं बीआर गोयल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा एकीकृत माध्यमिक शाला सुकवाहा को 18 डेस्क एवं बेंच दान की गई हैं।

## डॉ. प्रफुल भोयर को रामाकोना हॉस्पिटल में स्थायी करें

**रामाकोना, देशबन्धु।** ग्राम रामाकोना के भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा गुरुवार को खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर योगेश शुक्ला को ज्ञापन के माध्यम से रामाकोना ग्राम में डाक्टर प्रफुल्ल भोयर संस्था प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामाकोना में अपनी सेवा दें रहें हैं डाक्टर प्रफुल्ल भोयर की ड्यूटी स्थाई रूप से रामाकोना में रखने की मांग की गई। रामाकोना 40 गांवों का केंद्र बिंदु है और यहां माह में 10 से 12 प्रसव होते हैं आसपास की गरीब जनता को स्वास्थ्य लाभ मिलता है।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन, अन्य जगह न लगाएं उनकी ड्यूटी

इस दौरान डाक्टर प्रफुल्ल भोयर की ड्यूटी अन्य जगहों पर लगा दी जाती है जिससे जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है। डाक्टर भोयर यहां अपने निवास पर हमेशा उपलब्ध रहते हैं प्रफुल्ल भोयर को रामाकोना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामाकोना में स्थाई रूप से रखने की मांग की गई।ज्ञापन देने मुख्य रूप से भाजपा अयोध्या मंडल अध्यक्ष नामदेव पाल, रामाकोना सरपंच श्रीमती श्वेता गगन गोहेल, उप सरपंच संतोष चौधरी,वन स्थाई समिति पूर्व सभापति गगन गोहेल, वरिष्ठ भाजपा नेता शिवराज ठोसरे, रविन्द्र निरगुडे, इमरान अंसारी, श्याम सिंगनापुरे अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### 24 घंटे उपलब्ध रहने से जनता झोलाछाप के पास नहीं जायेगी

इन दिनों रामाकोना मे झोलाछाप द्वारा धड़ल्ले से छूटभैये नेताओ के संरक्षण मे अपना क्लिनिक संचालित कर रहे है।

शासकीय डॉक्टर की ड्यूटी अन्यत्र लगाने से मरीज को झोलाछाप के पास जाना पड़ता है और इनके पास आराम लगे या न लगे लेकिन इंसान की जेब को पूरा आराम लग जाता है।

इसीलिए डॉक्टर की ड्यूटी रामाकोना मे ही लगाई जाए।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 14 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ कृष्ण पक्ष की तृतीया, नक्षत्र- उ.षा.।**

मेष - आपके किसी कार्य या प्रोजेक्ट को सरकार की तरफ से लाभ हो सकता है। ऑफिस में उच्च पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा हो सकती है। ऑफिस के काम से प्रवास होने की संभावना है।

वृषभ - विदेश जाने के इच्छुक लोगों के लिए अधिक अवसर मिलेंगे। विदेश में रहने वाले मित्रों और सगे- सम्बंधियों से अच्छे समाचार प्राप्त कर सकेंगे। व्यापार धंधे में भी आर्थिक लाभ हो सकेगा।

मिथुन - आज का दिन प्रतिकूल है, अतः आज आप हर काम सावधानी से करें। आज किसी नए काम का आरंभ न करें। गुस्से के कारण कुछ अनिष्ट न हो, इसका खास ध्यान रखें। ( 158-167 )

कर्क - आज का दिन सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आपके लिए लाभदायक साबित होगा। मौज-शौक के साधन, उत्तम आभूषण और वाहन की खरीदारी करेंगे। मौज-मस्ती और मनोरंजक की प्रवृत्तियों में समय व्यतीत गुजरेगा।

सिंह - आज का दिन औसत रहने वाला है। घर में शांति का वातावरण रहेगा। दफ्तर में सहकर्मियों से कम सहयोग मिलेगा। दैनिक कामों में कुछ रुकावटें आएंगी। शत्रुओं तथा विरोधियों की वजह से परेशानी होगी।

कन्या - आज आप संतान को लेकर चिंतित रहेंगे। मन विचलित रह सकता है। पेट से संबंधित कोई बीमारी या दर्द रह सकता है। विद्यार्थियों का आज दिक्कत आएगी। आकस्मिक खर्च की संभावनाएं हैं।

तुला - आज सावधानी बरतें। विचारों की भरमार आपको मानसिक रूप से स्वस्थ बनाएगी। माता और स्त्रीवर्ग की चिंता सताएगी। आज के दिन यात्रा स्थगित रखें।

वृश्चिक - आज पूरे दिन आप प्रसन्न रहेंगे। किसी नए काम की शुरुआत कर पाएंगे। साथियों से सुख एवं आनंद की प्राप्ति होगी। मित्रों औक स्वजनों से भेंट हो सकती है। किसी भी काम में आज आपको सफलता मिलेगी।

धनु - परिजनों के साथ होने वाली गलतफहमी से बचें। व्यर्थ में धन खर्च होगा। मानसिक उचाट और दुविधा के कारण महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। काम में निर्धारित सफलता नहीं प्राप्त कर सकेंगे।

मकर - आज आपका प्रत्येक काम सरलता से पूरा होगा। नौकरी और व्यापार के लिए किए प्रयासों से आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पदोन्नति के योग हैं। गृहस्थ जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। आज चोट लगने की आशंका है।

कुंभ - धन के लेन-देन और जमीन-जायदाद के सौदों में आज बहुत ध्यान रखने की जरूरत है। मानसिक रूप से आज एकाग्र बने रहेंगे। खर्च की मात्रा अधिक होगा। स्वास्थ्य के विषय में ध्यान रखें।

मीन - आज मित्रों से आपको लाभ होगा और उनके पीछे धन खर्च भी होगा। सामाजिक कामों में अधिक रुचि रहेगी। बड़ों और मित्रों से कोई नए व्यवहार बन सकते हैं। ( 789-381 )

1,6,5,0-15,17,88,91,23,25,35,48,52,08

## प्रशिक्षण शिविर में 103 बच्चों ने सीखे खेल के गुर

**छपारा, देशबन्धु।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देश अनुसार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला मुख्यालय के साथ-साथ समस्त विकासखंड मुख्यालय में भी किया गया। कलेक्टर संस्कृति जैन और पुलिस अधीक्षक सुनील महतो की अध्यक्षता में दिए गए निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन गत माह 05 मई से 06 जून तक 30 दिवसीय उक्त ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का निःशुल्क आयोजन किया गया।

इस संबंध में छपारा नगर में आयोजित निशुल्क प्रशिक्षण शिविर की विस्तृत जानकारी देते हुए विकासखंड छपारा शिविर प्रभारी युवा समन्वयक ओम कुमार शिवे ने बताया कि जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष आयु वर्ग के बालक



बालिका खेलों में पारंगत हुए।

छपारा में आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में दो खेल कराते एवं फुटबॉल आयोजित किया गया था, जिसके लिए नगर के तकिया वार्ड स्थित सुभाष ग्राउंड फुटबाल का प्रशिक्षण एवम कराते का प्रशिक्षण शिशु मंदिर स्कूल छपारा में किया गया जिसमे एक माह तक प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 8:30 बजे तक एवं शाम को 5 बजे से 7 बजे तक कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

फुटबाल का प्रशिक्षण वरिष्ठ खिलाड़ी अमन विश्वकर्मा एवम कराते का प्रशिक्षण गीतेश प्रजापति द्वारा किया गया। वही फुटवाल खेलने के लिए 40 बच्चे जिसमें चार बच्चियां भी शामिल रही एवं कराते खेल में 63 खिलाडियो ने हिस्सा लिया इस कुल 103 बच्चे बच्चियों ने खेल के गुर सीखे, समर कैंप समापन समारोह में अतिथिगण द्वारा पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी रुचि लेने को कहा खेलों से भी भविष्य निर्माण होता है साथ ही स्वास्थ भी अच्छा रहता है तथा समस्त खिलाड़ियो के उज्वल भविष्य की कामना की।उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मै पधारे नगर परिषद अध्यक्ष निशा पटेल द्वारा सभी बच्चों को पानी की बाटल दी गई।

साथ ही अन्य मुख्य अतिथियों में नगर परिषद उपाध्यक्ष शिवकांत सिंह, महेश पाटर, नारायण सिंह प्रजापति एवं पार्षद भूरा जैन, राकेश भारद्वाज एवं सभी खिलाड़ियों के अभिभावक उपस्थित रहे।

## बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बैठक आयोजित

**सिवनी, देशबन्धु।** जिला श्रम पदाधिकारी सिवनी ने बताया कि गुरूवार 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बाल श्रम उन्मूलन एवं बंधक श्रम उन्मूलन के संबंध में परिचर्चा एवं कार्यशाला तथा बाल एवं बंधक श्रम से संबंधित बैठक का आयोजन नटराज होटल जिला सिवनी में किया गया।

उक्त कार्यशाला एवं बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत, श्री विक्रम सिंह डावर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री रवि नायक, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री मुकेश सेन एवं अन्य सदस्य गण, श्रम विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, महिला बाल विकास के अधिकारी एवं कर्मचारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, प्रबंधक लीड बैंक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले एनजीओ के सदस्य एवं अन्य सहभागी गण उपस्थित हुए।

बैठक में बाल श्रम एवं बंधक श्रम अधिनियमों के प्रावधानों पर चर्चा की गई।

इसके अतिरिक्त जिले को बाल श्रम एवं बंधक श्रम प्रथा से शत प्रतिशत विमुक्त कराए जाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई।